# TENDOR DOCUMENT
# निविदा दस्तावेज

FOR THE WORK

कार्य हेतु

उत्पादन वनमंडल बैतूल के अंतर्गत लगने वाली भवन निर्माण सामग्री क्रय करने बाबत

कार्यालय,

**वनमंडलाधिकारी, (उत्पादन) वनमंडल बैतूल (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण**

**No - 05 DATE 10 - 12 -2024**

# प्रपत्र ए–1
# (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

विषयः– सामग्री क्रय हेतु निविदा विदोहन वर्ष 2024–25 बाबत्।

––00––

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 4 | पदनाम | |
| 5 | दूरभाष नम्बर<br>(मोबाईल एवं लेडंलाईन) | |
| 6 | निविदाकार का कार्यशील ई–मेल आई.डी. एवं व्हाट्स–एप नम्बर | |

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग ''1'', ''2'', ''3'', में दर्शित शर्तो के अनुसार उपयोगी ई–निविदा में दर्शित सामग्री क्रय हेतु निविदा विदोहन वर्ष–2024–25 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है। मेरे द्वारा निविदा में दर्शित समस्त नियम एवं शर्तो को भलीभांति पढ़ लिया गया है, जिसका पूर्ण पालन किया जावेगा।

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

निविदा विदोहन वर्ष–2024–25

शपथ पत्र

रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित

मैं .............................................................................. द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स.........................................निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः–

1. यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लेकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।
2. यह कि फर्म को उपयोगी सामग्री (आंमत्रित निविदा में दर्शित सामग्री) प्रदाय संबंधी कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दडिंत नही किया गया हैं।
3. यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया हैं।
4. यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जप्त करने का अधिकार वनमंडलाधिकारी, वनमंडल बैतूल (उत्पादन) को होगा।

स्थान –

दिनांक –

**शपथग्रहिता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दू (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

स्थान –

दिनांक –

**शपथग्रहिता**

# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (उत्पादन) वनमण्डल बैतूल म.प्र.
## विदोहन वर्ष 2024–25 हेतु भवन निर्माण सामग्री प्रदाय हेतु
## निविदा शर्ते भाग–1

1 निविदा प्रपत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें।

2 यह निविदा बैतूल (उत्पादन) वनमंडल में सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।

3 सामग्री क्रय हेतु निविदा को वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित राशि मूल्य लगभग रूपये **10,00,000**/– हैं।

4 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैंः–

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 10/12/2024 | **निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं।** |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 10/12/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 10/12/2024 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 26/12/2024 | |
| 05 | Bid Opening Date | 27/12/2024 | |

5 चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व रू. 500 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर सत्यंकार की राशि का एफ.डी.आर. वनमंडलाधिकारी (उत्पादन) वनमंडल बैतूल के पक्ष में जारी कराकर जमा कराना होगा। तदोपरांत ऑनलाईन सत्यंकार की राशि **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट से विमुक्त करने की कार्यवाही की जावेगी। क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | सीमेंट 53 ग्रेड,मेजर प्लांट(ISI) मार्क(50 K.G. प्रति बैग) | आवश्यकतानुसार |
| 02 | लोहा सरिया टेस्टेड 6 mm(ISI) मार्क | आवश्यकतानुसार |
| 03 | लोहा सरिया टेस्टेड 8 mm(ISI) मार्क | आवश्यकतानुसार |
| 04 | लोहा सरिया टेस्टेड 10 mm(ISI) मार्क | आवश्यकतानुसार |
| 05 | लोहा सरिया टेस्टेड 12mm(ISI) मार्क | आवश्यकतानुसार |
| 06 | बाइंडिग वायर | आवश्यकतानुसार |
| 07 | कील कि. ग्रा. | आवश्यकतानुसार |
| 08 | बालू रेत | आवश्यकतानुसार |
| 09 | काली रेत | आवश्यकतानुसार |
| 10 | गिटटी 20 mm | आवश्यकतानुसार |
| 11 | गिटटी 40 mm | आवश्यकतानुसार |
| 12 | स्टोन डस्ट | आवश्यकतानुसार |
| 13 | मुरुम | आवश्यकतानुसार |
| 14 | ईट स्टैण्डर्ड साईज | आवश्यकतानुसार |
| 15 | एल्यूमिनियम सेक्शन (विन्डो) ISI मार्क ग्लास सहित | आवश्यकतानुसार |
| 16 | फलश डोर मय मिश्रित प्रजाति की लकडी की चौखट एवं फिटिंग होलड्राप सहित कम्पलीट साईज 3 फीट 6 इंच X 7 फीट | आवश्यकतानुसार |
| 17 | फलश डोर मय मिश्रित प्रजाति की लकडी की चौखट एवं फिटिंग होलड्राप सहित कम्पलीट साईज 2 फीट 9 इंच X 7 फीट | आवश्यकतानुसार |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | कांक्रीट पेवर ब्लाक इन्टरलॉक कलर सहित | आवश्यकतानुसार |
| 19 | बाथरूम टाईल 1.5X1.5 | आवश्यकतानुसार |
| 20 | सेरेमिक ग्लेस टाईल्स First Quality Size 500X500X9.10 MM | आवश्यकतानुसार |
| 21 | विंडो ग्रिल | आवश्यकतानुसार |
| 22 | वेंटिलेशन 2'0"X1'6" | आवश्यकतानुसार |
| 23 | पी वी सी पाईप 2"X2" लंबाई 20' | आवश्यकतानुसार |
| 24 | टीन नालीदार चददर | आवश्यकतानुसार |

6 **प्रकिया–1ः** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये राशि 1000 (रूपयेः एक हजार रूपये मात्र) हैं तथा सुरक्षा सत्यंकार की राशि रूपये **30,000** (रूपयेः **तीस हजार रूपये मात्र)** हैं। इन्हें ऑनलाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

7 **प्रक्रिया–2ः** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

8 **प्रक्रिया–3ः** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में भाग–2 में दर्शित दस्तावेज, फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

(सचिन एच.एन.)
भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

# भाग—2
## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्त

1 संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त शासकीय संस्थाओं में उपयोग हेतु भवन निर्माण सामग्री प्रदाय कम से कम 01 (किसी भी वर्ष का) संबंधित संस्था का कार्य आदेश की छायाप्रति प्रमाण पत्र अपलोड करें।

2 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 100/— के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)

3 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:—

क. जी.एस.टी.प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

ख. आयकर कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें।

ग. वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें

4 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/— वापसी योग्य नहीं हैं।

5 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में यदि कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से ही ऑनलाईन दी जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जावेगी।

6 स्थापना का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

7 निविदा में दी गयी शर्तो को ध्यान पूर्वक पढकर फर्म की सील साइन के साथ अपलोड करें।

8 उपरोक्त किसी भी शर्त का उल्लंघन करने की दशा में निविदा स्वीकार नही की जावेगी।

(सचिन एच.एन.)<br>
भा.व.से.<br>
वनमंडल अधिकारी<br>
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

## निम्नानुसार दस्तावेजों, फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/– (रूपयेः एक हजार मात्र) जमा की रसीद |
| 2 | सत्यंकार की राशि रूपये 30,000/– (रूपयेः तीस हजार मात्र) जमा की रसीद |
| 3 | संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त शासकीय संस्थाओं में उपयोग हेतु **भवन निर्माण सामग्री** प्रदाय किया हो कम से कम 01 (किसी भी वर्ष का) संबंधित संस्था का कार्य आदेश की छायाप्रति प्रमाण पत्र अपलोड करें। |
| 4 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 100.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार) |
| 5 | जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 6 | आयकर कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 7 | वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें |
| 8 | प्रपत्र ए–1 |
| 9 | स्थापना का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 10 | सी.ए. सर्टिफाईड टर्नओवर प्रमाण पत्र |
| 10 | निविदा में दी गयी शर्तो को ध्यान पूर्वक पढकर फर्म की सील साइन के साथ अपलोड करें। |

(सचिन एच.एन.)
भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

# भाग–3

## निविदा की अन्य शर्ते

1 सफल निविदाकर्ता को वन विभाग, वनमंडल बैतूल उत्पादन के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को जब्त किया जा सकेगा।

2 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः विदोहन वर्ष 2024–25 के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3 वन विभाग, वनमंडल बैतूल उत्पादन द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 02 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

5 ऑनलाईन निविदा डालने हेतु सत्यंकार की राशि 30,000/– ऑनलाईन माध्यम से जमा करना होगा। एवं निविदा स्वीकृत होने पर सुरक्षा सत्यंकार राशि 30,000/– का भौतिक एफ.डी.आर वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) वनमंडल बैतूल के पक्ष में वनमंडल कार्यालय बैतूल उत्पादन में जमा करना होगा।

6 सामग्री का प्रदाय संतोषजनक न होने या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का आदेश वन विभाग, वनमंडल बैतूल उत्पादन द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है, एवं धरोहर राशि जप्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार वनमंडलाधिकारी, वनमंडल बैतूल उत्पादन के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

7 त्रृटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दंड अधिरोपित किया जा सकेगा।

क. त्रुटिः– प्रति त्रुटि पर प्रति युनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

ख. विलम्बः– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दंड अधिरोपित करने का निर्णय वनमंडलाधिकारी, उत्पादन वनमंडल बैतूल के विवेकाधीन होगा।)

8 सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रदाय करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जावेगी। कोई भी इंक डुप्लीकेट या मूल निर्माता कंपनी की न होने पर निविदाकर्ता पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक सामग्री की सप्लाई पर कम से कम एक वर्ष की रिप्लेसमेंट गांरटी रहेगी।

9 वनमंडल बैतूल उत्पादन की क्षेत्र–सीमा की परिधि के वन क्षेत्रों में प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा ई–मेल एवं व्हाट्स–एप पर दिए आदेश के अनुसार आदेशित (FOR) स्थल पर सामग्री प्रदाय की जानी होगी।

10 प्रदाय हेतु ई–निविदा में दर्शित मात्रा पूर्णतः अनुमानित है, जिसमें परिवर्तन हो सकता है। मात्रा में परिवर्तन से संबंधित कोई भी विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा में दर्शित सामग्री क्रय करने अथवा नहीं करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

11 निविदा दरें कार्य स्थल तक परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग व्यय व रायल्टी सहित होगी। **दर समस्त देय करों सहित प्रस्तावित करना होगा।**

12 भुगतान राशि से नियमानुसार समस्त देय करों की कटौती की जावेगी ।

13 निविदाकार का पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीयन निविदा प्रकाशन के पूर्व का होना अनिवार्य है।

14 निविदाकार को कार्यशील ई–मेल आई.डी. एवं व्हाट्स–एप नम्बर दिया जाना आवश्यक होगा जिस पर प्राधिकृत अधिकारियों से सामग्री का प्रदाय आदेश जारी होने के 03 दिवस के अन्दर आदेशित स्थल तक सामग्री अनिवार्य रूप से परिवहन करना होगा।

15 सामग्री की क्वालिटी एवं मात्रा का सत्यापन उपवनमंडलाधिकारी/परिक्षेत्राधिकारी/काष्ठागार अधिकारी द्वारा किया जावेगा। सत्यापित मात्रा के अनुसार ही भुगतान होगा।

16 सफल निविदाकार द्वारा इन शर्तो में से किसी का भी उल्लंघन करने पर या शासन को क्षति होने पर प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी तथा प्रदायकर्ता का नाम काली सूची में दर्ज करने एवं निविदा करारनामा समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

17 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार वन विभाग, वनमण्डलाधिकारी, (उत्पादन) वनमंडल बैतूल के पास सुरक्षित रहेगा।

18 निविदा दर स्वीकृत होने पर 500/– रू. का स्टाम्प पेपर पर अनुबंध किया जाना होगा।

19 किसी अन्य व्यक्ति या फर्म की ओर से निविदा पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति निविदा पत्र के साथ जिस व्यक्ति के नाम से निविदा भरी जा रही है उसके द्वारा हस्ताक्षरकर्ता को दिया गया मुख्तरनामा जो

1000/- रू. के स्टांप पेपर पर मान्य होगा, निविदा के साथ संलग्न करना होगा अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी ।

20 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी संत्यकार राशि लौटा दी जावेगी।

21 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार की ब्याज देय नहीं होगा।

22 सामग्री की गुणवत्ता हेतु मापदंड ISI मार्क/लोक निर्माण विभाग के वर्तमान में प्रचलित मैन्युअल/ म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होंगे।

23 अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदाएं बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा, जिसके लिए वह किसी के समक्ष उत्तरदायी नहीं होगा तथा निविदा दर बाजार दर से अधिक होने पर पुनः विचार किया जावेगा।

24 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर वन विभाग, वनमंडलाधिकारी उत्पादन वनमंडल बैतूल का निर्णय अंतिम होगा।

25 निविदा में चाहे गये दस्तावेजों के अतिरिक्त अनावश्यक दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न नही किये जावेगे। अन्यथा निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) का रहेगा।

26 स्थापना का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

27 सामग्री प्रदाय करते समय गुणवत्ता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

28 किसी भी विवाद की स्थिति निर्मित होने पर अंतिम निर्णय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) का रहेगा जिसको निविदाकार मानने हेतु बाध्य रहेगा।

29 निविदा में दी गयी शर्तो को ध्यान पूर्वक पढ़कर फर्म की सील साइन के साथ अपलोड करें। निविदा शर्तो का उल्लंघन करने पर किसी भी स्तर पर निविदा निरस्त की जा सकेगी।

(सचिन एच.एन.)
भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल